शिक्षा निदेशालय (उच्चतर)
हिमाचल प्रदेश।

(पैंशन एवं भवन शाखा)

पृष्ठांकन संख्याः शिक्षा.एच(13)बी(10)61/2009 दिनांक शिमला–1 01.10. ~~सितम्बर~~,2014
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रधान सचिव (शिक्षा) हिमाचल प्रदेश सरकार को उनके पत्र संख्याः शिक्षा ई0 डी0 एन–बी–ग (17)11/2014 दिनांक 20.09.2014 के सन्दर्भ में सूचनार्थ प्रेषित है।
2. समूह समादेशक, एन0सी0सी0 समूह मुख्यालय, शिमला–4 को इस आशय के साथ प्रेषित कि अपने अधीनस्थ सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों को इस पत्र की प्रतिलिपि उपलब्ध करवायें।
3. शाखा अधिकारी (कॉलेज शाखा /10+2 शाखा/स्थापना शाखा–1/ शारीरिक शाखा), शिक्षा निदेशालय (उच्चतर), हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित कि कर्मचारियों व अधिकारियों के पेंशन मामले सेवानिवृत से 6 महिने पहले महालेखाकार (ले0 व ह0) हिमाचल प्रदेश कार्यालय को भेजें।
4. प्राचार्य समस्त महाविद्याालय / संस्कृत महाविद्यालय, हिमाचल प्रदेश।
5. प्राचार्य शिक्षक महाविद्याालय, धर्मशाला / एस0सी0ई0आर0टी, सोलन।
6. समस्त उपशिक्षा निदेशक (उच्चतर), हिमाचल प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कर्मचारियों व अधिकारियों के पेंशन मामले सेवानिवृत से 6 महिने पहले महालेखाकार (ले0 व ह0) हिमाचल प्रदेश कार्यालय को भेजें तथा अपने अधीनस्थ सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों को इस पत्र की प्रतिलिपि उपलब्ध करवायें।
7. समस्त जिला पुस्तकालय अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश।
8. आहरण एवं वितरण अधिकारी, शिक्षा निदेशालय (उच्चतर), हिमाचल प्रदेश।
9. कार्यालय नस्ति / रक्षक नस्ति।

शिक्षा निदेशक(उच्चतर)
हिमाचल प्रदेश

(51)

संख्याःफिन(पैंन)बी(10)-3/2006-खण्ड-1
हिमाचल प्रदेश सरकार
वित्त (पेंशन) विभाग ।

प्रेषक

प्रधान सचिव (वित्त),
हिमाचल प्रदेश सरकार ।

प्रेषित

1. समस्त प्रशासनिक सचिव,
हिमाचल प्रदेश सरकार ।

2. समस्त विभागाध्यक्ष,
हिमाचल प्रदेश ।

3. मण्डलायुक्त, शिमला, मण्डी व कांगड़ा,
हिमाचल प्रदेश ।

15/9
ASEdu
16/9/14
SO Edu-B
Sh PS

दिनाँकः शिमला-171002, 10 सितम्बर, 2014 ।

विषयः- **पेंशन मामलों को निपटाने में विलम्ब ।**

महोदय,

उपरोक्त विषय पर आपका ध्यान इस विभाग के समसंख्यक पत्र दिनाँक 10 दिसम्बर, 2013 की ओर आकर्षित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 56 के अन्तर्गत सभी विभागाध्यक्षों को अगले 24 से 30 महीनों के दौरान सेवा निवृत होने वाले कर्मचारियों/अधिकारियों की सूचियाँ महालेखाकार (ले0 व ह0) हिमाचल प्रदेश के कार्यालय को भेजना अनिवार्य है परन्तु महालेखाकार कार्यालय द्वारा वित्त विभाग के ध्यान में लाया गया है कि विभिन्न विभागों द्वारा नियम-56 के अन्तर्गत वांछित सूचियाँ नहीं भेजी जा रही है।

इसी तरह केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 61(4) के अन्तर्गत प्रावधान है कि सभी सेवा निवृत होने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के पेंशन मामले उनकी सेवा निवृत के 6 महीने पहले महालेखाकार (ले0 व ह0) हिमाचल प्रदेश के कार्यालय को प्रेषित किए जायें ताकि सेवा निवृत हो रहे कर्मचारियों के पेंशन मामलों को उनकी सेवा निवृति से पहले निपटा कर समय पर पेंशन लाभ दिया जा सकें । परन्तु महालेखाकार (ले0 व ह0) हिमाचल प्रदेश ने इस विभाग के ध्यान में लाया है कि विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्षों/ कार्यालय अध्यक्षों एवं आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम,1972 के प्रावधानों विशेष कर नियम 56 व नियम 61 की अनुपालना नहीं की जा रही है जिसके कारण पेंशनभोगियों को लम्बे समय तक उनके पेंशन लाभ से वंचित रहना पड़ रहा है ।

अतः आप से अनुरोध है कि आप अपने विभाग के सभी अधीनस्थ कार्यालय अध्यक्षों तथा आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देश जारी करें

कि वे केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1972 के नियम 56 से 61 की सख्ती से अनुपालना करें तथा यह सुनिश्चित करें कि कर्मचारियों/ अधिकारियों के पेंशन मामले केन्द्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियम,1972 के नियम 61(4) के अन्तर्गत सेवा-निवृत्ति से 6 महीने पहले महालेखाकार (ले0 व ह0) हिमाचल प्रदेश के कार्यालय को भेजें जायें। सभी विभागाध्यक्ष यह भी सुनिश्चित करें कि नियम 56 में वांछित सूचना भी निश्चिंत समयावधि के भीतर महालेखाकार (ले0 व ह0) हिमाचल प्रदेश के कार्यालय को समय-समय पर भेजा करें।

इसके अतिरिक्त अपने अधीनस्थ कार्यालयों तथा आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को सख्त हिदायतें जारी करें कि वह सेवा निवृत अधिकारियों/ कर्मचारियों की जन्म तिथि, ऐम्पिड कोड, डी.डी.ओ. कोड, फार्म-3 में पारिवारिक पेंशन के लिए जन्म तिथि और सेवा निवृति की सही तिथियाँ तथा मृत कर्मचारियों और स्वेच्छा से निवृत कर्मचारियों की जन्मतिथि भी विवरणियों में दर्शाना सुनिश्ति करें ।

भवदीय,

(डा0 अमनदीप गर्ग)
विशेष सचिव (वित्त)
हिमाचल प्रदेश सरकार ।
दूरभाष:0177-2621698

पृष्ठांकनसंख्या:फिन(पेंन)बी(10)-3/2006-खण्ड-1. दिनाँक:शिमला-2, /09/2014.
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आगामी आवश्यक कार्यवाही हेतु:-

1. महालेखाकार (लें0 व ह0) हिमाचल प्रदेश, शिमला-3 को उनके पत्र संख्या:पेंशन-1/पैं.वि.क./जोशी/रिपोर्ट/2014-15/2767-68 दिनाँक 13.08. 2014 के सन्दर्भ में सूचनार्थ।
2. समस्त उपायुक्त, हिमाचल प्रदेश सरकार।
3. प्रधान आवासीय आयुक्त, हि0प्र0 हिमाचल भवन, 27-सिकन्दरा रोड, नई दिल्ली ।
4. मुख्य अभियन्ता, हि0प्र0 लो0नि0विभाग/ सिंचाई एवं जनस्वास्थ्य विभाग ।
5. पंजीयक, हि0प्र0 उच्च न्यायालय, शिमला-1।
6. समस्त जिला सत्र एवं न्यायाधीश, हिमाचल प्रदेश ।
7. समस्त नियन्त्रक/संयुक्त नियन्त्रक/ उप नियन्त्रक/सहायक नियन्त्रक/अनुभाग अधिकारी(वित्त एवं लेखा) हिमाचल प्रदेश ।
8. समस्त जिला कोषाधिकारी/कोषाधिकारी, हिमाचल प्रदेश।
9. समस्त अनुभाग अधिकारी, वित्त विभाग, हिमाचल प्रदेश सचिवालय ।

(डा0 अमनदीप गर्ग)
विशेष सचिव (वित्त)
हिमाचल प्रदेश सरकार ।
दूरभाष:0177-[illegible]